फप्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पुण्य तिथि

राष्ट्र आज भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकजुट करने के लिए कई प्रयास किए और सराहनीय कदम उठाएं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपना जीवन देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए समर्पित कर दिया था।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार पर प्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि प्रदेश को 2023 और 2025 में प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा, मगर मदद के नाम पर केंद्र का रवैया निराशाजनक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित साधनों के बावजूद राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए 45 सौ करोड़ रूपए का विशेष पैकेज लाकर उनकी मदद की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से अर्जित आय को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

वॉकथॉन

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत कल हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।
अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता।

सुखाश्रय योजना

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना हजारों जरूरतमंद बच्चों और निराश्रित महिलाओं के जीवन में नई रोशनी बनकर उभरी है। इस योजना से अब तक चार हजार एक सौ से

अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में गोद लेकर सरकार ने उनके लालन–पोषण और शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेवारी उठाई है। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक 1,000 रुपये, 18 वर्ष तक 2,500 रुपये और 18 से 27 वर्ष की आयु तक 4,000 रुपये मासिक सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है और छात्रावास उपलब्ध न होने पर 3,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। यही नहीं, स्टार्टअप, व्यवसाय, घर निर्माण और विवाह तक के लिए भी आर्थिक प्रावधान कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर किया जा रहा है।योजना के तहत मकान निर्माण हेतु 3 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया है। जिला शिमला में भी 19 लाभार्थियों को गृह निर्माण सहायता उपलब्ध करवाई गई है।योजना ने हजारों बच्चों और बेसहारा लोगों के जीवन में उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोली है ।

....

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं, हालांकि प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों बारालाचा, कुंजुम दर्रा, शिकुंला और रोहतांग दर्रा सहित लाहौल स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फ गिरी है। चोटियों पर हुए हिमपात के बाद समूची लाहौल घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गई है। वहीं, ऊना, धर्मशाला, मनाली, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी जैसे क्षेत्रों की रातें शिमला से ठंडी हो गई हैं। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। किसान और बागवान बेसब्री से बारिश व बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने बिलासपुर और मंडी के लिए आज व कल घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है जबकि अन्य भागों में 19 दिसंबर तक मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

....